प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज रांची में निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत भाजपा के कई नेता होंगे शामिल।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की बैठक, झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी बिल पर हुई चर्चा।

3. जेएसएससी ने सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के 53 हजार से ज्यादा आवेदन किये रद्द, परीक्षा नियंत्रक ने जारी की सूचना।

4. मौसम विभाग ने आज गोड्डा, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य के 12 जिलों में भीषण लू चलने की जतायी आशंका, येलो अलर्ट जारी।

और

5. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, एथलेटिक्स और फुटबॉल में जीता स्वर्ण, हॉकी में रजत और भारोत्तोलन में मिला कांस्य पदक।

****************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। इस कड़ी में आज रांची में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन तथा भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। यह अभियान 23 मई तक चलेगा।

****************

राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष की मांग को अनुचित बताया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पूरी सच्चाई जनता को बता दी है और इसके बाद विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य ही नहीं है।

****************

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जल्द ही झारखंड आयेंगे। खूंटी या लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में उनकी सभा हो सकती है। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशल महतो कमलेश ने दी।

****************

राज्य सरकार ने स्टेट यूनिवर्सिटी बिल का मसौदा तैयार करने की पहल तेज कर दी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार भी मौजूद रहे। इस मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बिल के बारे में जानकारी दी। इस दौरान श्री सोरेन ने अधिकारियों को कई सुझाव भी दिये।

****************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग– जेएसएससी ने झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा –2023 से जुड़े 53 हजार 604 अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द कर दिए हैं। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द किये गये हैं। उन्होंने झारखंड के निवासी होने बावजूद सीटेट की परीक्षा पड़ोसी राज्यों से उत्तीर्ण की है। इस संबंध में आयोग के परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है।

****************

राज्य के उत्पाद मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने शराब दुकानों को मैन पावर सप्लाई करने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्लेसमेंट कंपनियों को एक सप्ताह के भीतर 50 करोड़ का बकाया जमा

कराने का निर्देश दिया। बाद में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अगर कंपनियां सरकार का बकाया नहीं चुकाती है तो उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

****************

सीबीआई ने पलामू समेत देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने की पहल तेज कर दी है।

****************

- ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में जमशेदपुर में कल दोपहर 3 बजे साकची जुबिली पार्क गोलचक्कर से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नागरिक बैनर तले आयोजित होगी।
- जीनल निकुंज गाला जैन को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने दी।
- देवघर जिले में डीएमएफटी मद से संचालित कार्यों को लेकर उपयुक्त विशाल सागर ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

****************

मौसम विभाग ने गोड्डा, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य के 12 जिलों में आज भीषण लू चलने की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि संथाल परगना, कोयलांचल और कोल्हान का इलाका लू की चपेट में रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के कई हिस्सों में 15 मई से मौसम में बदलाव होगा।

****************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। राज्य की बालिका टीम ने कल बेगूसराय में खेले गये फाइनल मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट में तमिलनाडु को 6–5 से हराकर खिताब हासिल किया। हालांकि हॉकी के फाइनल में झारखंड को ओडिसा के हाथों हार का सामना करना पड़ा और उसे रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। एथलेटिक्स में हिमांशु कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक जीता जबकि भारोत्तोलन में रोहन कुमार महतो ने कांस्य पदक हासिल किया।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित करने की खबर को प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है– 10वीं में रांची के अतुल्या व हजारीबाग के दिव्य प्रकाश बने झारखंड टॉपर, 12वीं में रांची के तेजस, सिद्धार्थ, वैष्णवी व देवघर की रिद्धिमा स्टेट टॉपर ।

दैनिक भास्कर ने दक्षिण पश्चिम मानसून के नौ दिन पहले निकोबार आइलैंड पहुंचने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान लिखता है– राज्यकर्मियों को मोबाइल के लिए 25 हजार रुपये मिलेंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– अफसरों की हाउसिंग सोसाइटी में जमीन की हेराफेरी, विशेष टीम करेगी जांच।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने बीआईटी सिन्दरी में छात्रों के बीच झड़प की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में झारखंड के बेहतर प्रदर्शन की खबर को प्रमुखता दी है।

****************